# US asked for info over Iran oil imports: Adani Ent

WEILUN SOON
February 10

**ADANI ENTERPRISES SAID** the US has sought information from the company after a media report alleged it imported Iranian oil products into India, raising potential sanctions concerns.

The company initiated discussions with the Treasury Department's Office of Foreign Assets Control following the *Wall Street Journal*'s article last June, according to a regulatory filing on Tuesday. Adani got the request for information on February 4 and stressed it is cooperating fully with US authorities.

Shares of Adani Enterprises, the flagship firm of Adani Group, fell as much as 3.5% on Tuesday, but trimmed losses to 1% at close.

*WSJ* had reported that companies controlled by billionaire Gautam Adani were being probed by US prosecutors about imports of Iranian liquefied petroleum gas through the Group's port in Mundra. Iran's oil trade has long been subject to sanctions by Washington.

The inquiry adds to ongoing scrutiny of the conglomerate, including a US bribery probe in which the group's chairman has been indicted. It follows earlier allegations of market manipulation by short-seller Hindenburg Research in 2023, which had already pressured investor confidence. Adani has denied any wrongdoing.

—BLOOMBERG

Mint, Delhi, 11/02/2026
Page No: 5, Size: 22.44cm × 26.04cm


# Adani faces third US probe over alleged Iran-linked LPG trade

Nehal Chaliawala
nehal.chaliawala@livemint.com
MUMBAI

Adani Enterprises Ltd said on Tuesday that a US agency is investigating the company's transactions to see if it traded in Iranian petroleum products that were under American sanctions, making it the third parallel US probe into the ports-to-power conglomerate.

The Adani Group flagship firm said in a regulatory disclosure that it made a voluntary outreach to the US Office of Foreign Assets Control (OFAC) after *The Wall Street Journal* reported on 2 June 2025 that US prosecutors were investigating whether it imported Iranian liquefied petroleum gas (LPG). The company did not disclose when it made this outreach.

Following its voluntary engagement with the OFAC, the US agency on 3 February made a request for information (RFI) to Adani Enterprises through its counsel, the company said in its exchange filing.



Adani Enterprises said it's fully cooperating with OFAC. REUTERS

"In the RFI, OFAC has also indicated that it is conducting a civil investigation of the Company's transactions processed through US financial institutions that may have involved, directly or indirectly, Iran or interests of persons subject to US sanctions against Iran," the firm said.

"The company is voluntarily engaging and fully cooperating with OFAC and will supply the requested information," the company further said.

The OFAC is a US Department of the Treasury agency that administers and enforces economic and trade sanctions.

This opens a third investigation into the Ahmedabad-based conglomerate by US prosecutors. The US Department of Justice (DoJ) and the US Securities and Exchange Commission (SEC) have filed a criminal suit and a civil suit, respectively, against billionaire promoter Gautam Adani and his nephew Sagar Adani, alleging that they paid bribes to unnamed government officials in India and did not disclose it to US investors while raising capital.

The Adani Group did not respond to *Mint*'s queries pertaining to the timing of its voluntary outreach to the OFAC. The OFAC did not comment.

Stock of Adani Enterprises settled 1% lower at ₹2,227.55 on the BSE on Tuesday, compared to a 0.25% gain in the benchmark Sensex. The company made the disclosure during market hours.

*For an extended version of this story, go to* livemint.com.

# Crude oil up as traders eye US-Iran tensions




**London:** Crude oil prices edged up as traders gauged the potential for supply disruptions after US guidance for vessels transiting the Strait of Hormuz kept attention squarely on tensions between Washington and Tehran. Brent crude oil futures were up 37 cents at $69.41 a barrel by 1136 GMT. US WTI crude rose 25 cents to $64.61. REUTERS

# Why Canada can't leverage oil like China did rare earths

In its escalating tensions with the U.S., Canada will find it difficult to mimic China, whose dominance over rare earths gave it leverage during the tariff war

**DATA POINT**

Nitika Francis

On Monday, U.S. President Donald Trump threatened to stop the opening of the new bridge, costing $4.6 billion and connecting Windsor in Canada and Detroit in the U.S., until his country was "compensated" by Canada "for everything we have given them". This is the latest in a series of threats that Mr. Trump has issued against Canada. In January, Canadian Prime Minister Mark Carney negotiated a deal with China to lower tariffs on Chinese electric vehicles in return for lower import taxes on Canadian farm products. In response, Mr. Trump threatened a 100% tariff on all Canadian imports.

In fact, Mr. Trump began his second term by making claims on Canada as the 51st State of the U.S. So, the current situation is not a sudden shift in the relationship, but a severe escalation of a strategy that began last year.

It was in this fraught climate that Mr. Carney took a stand against Mr. Trump in Davos. "The rules-based order is fading. That the strong can do what they can, and the weak must suffer what they must," he said. "The middle powers must act together because if we're not at the table, we're on the menu." The question is, can Mr. Carney walk the talk? Does he have strong bargaining chips like China had when the U.S. tried a similar tactic against the country?

When the U.S. waged a tariff war on China, the latter leveraged its dominance over 'rare earths', a critical component in clean energy technologies. It introduced measures that required the Chinese government's approval to export items that contained rare earths. In fact, the U.S. is the second-largest importer of Chinese rare earths, with about 22% of China's exports going to the U.S. in 2024. More importantly, about 35% of U.S.'s rare earth imports came from China (**Chart 1A and 1B**). Given this high dependency, China used the commodity as a bargaining chip.

Does Canada have a similar bargaining chip? In theory, it does. It is the U.S.'s largest foreign supplier of energy products such as crude oil. Data show that about 60% of the U.S.'s crude oil imports came from Canada in 2024. However, how practical is it for Canada to use this "leverage" to bargain?

Canada has been pumping almost all of its crude oil to the U.S., with 95% of all crude exports in 2024 going to its neighbour (**Chart 2A and 2B**). So, even if it plans to reduce oil shipments to the U.S., it needs to negotiate fresh deals, like the one Ottawa is trying to strike with New Delhi. Notably, in parallel, Trump has claimed that India will be purchasing oil from Venezuela instead of Iran.

But even if Canada manages to secure deals to diversify away from the U.S., finding newer markets is not the only hindrance. The way Canada's oil pipeline is built demands a forced collaboration with the U.S. About 95% of the oil is produced in Canada's western provinces (**Chart 3A**). Meanwhile, a large chunk of its population resides in its eastern provinces (**Chart 3B**). In order for the oil to be transported from the west to the east, it must be transported through pipelines which pass through the U.S., because of geographical hurdles. So Canada's oil network is intertwined with the U.S.'s energy infrastructure.

The other bargaining chip could be to threaten stopping exports to the U.S.'s northern States. The States that share borders with Canada are especially heavily dependent on Canada for imports; 90% of Montana's imports and 70% of Maine's in 2024 were from the northern neighbour (**Map 4**).

However, the volume of imports by these States is too small compared to overall U.S. imports to have a significant impact.

## An American spat

The data were sourced from the United Nations Commodity Trade Statistics Database, the Canada Energy Regulator, the International Trade Administration and Statistics Canada

**CHART 1A & 1B:** China's share in the U.S.'s rare earth imports and the U.S.'s share in China's rare earth exports






**CHART 3A & B:** Canada's region-wise share of oil production between 2000 and 2024 and region-wise share of population in 2025







**CHART 2A & B:** The U.S.'s share in Canada's crude oil exports and Canada's share in the U.S.'s oil imports




**MAP 4:** Canada's share in each of the U.S.'s States' imports in 2024. (in %)



Hindustan Times, Delhi, 11/02/2026
Page No: 8, Size: 37.07cm × 14.84cm

Hindustan Times

# 'India will buy oil from nations where it is cheap, best'

Press Trust of India
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The government on Tuesday informed a parliamentary panel that India will continue to import crude oil from the countries where it is cheap and of the best quality, and the Indian oil companies will purchase oil considering the geopolitical situation and non-sanctioned sources.

This was conveyed by top officials of the ministries of external affairs and commerce to the Parliamentary Standing Committee on External Affairs headed by Congress leader Shashi Tharoor, people aware of the matter said.

Tharoor said it was an "extremely effective" meeting which lasted for over three hours and where 28 of the 30 members attended. "The officials have responded to each and every question in great detail with confidence. It was an extremely effective meeting and an example of what the committees can do," he told reporters after the meeting.

Those who spoke to the MPs from the government side included foreign secretary Vikram Misri.

THAROOR TERMED THE MEETING AS 'EXTREMELY EFFECTIVE' WHERE 28 OF THE 30 PARL PANEL MEMBERS WERE PRESENT

Tharoor said most of the time of the meeting was devoted to the Indo-US trade deal and India-EU Free Trade Agreement (FTA), and all subjects including Russian oil and agricultural products were discussed.

He said the officials conveyed to the committee that India will work on finalising the interim agreement with the US and people will have to wait for its finer details. "They responded in great detail to our questions and concerns. There is a rule of confidentiality. The most important is, given what they told us, we are looking forward to the interim agreement being finalised by the middle of next month, when that comes, the doubts may be addressed," he said.

The officials, people familiar with the matter said informed the MPs that India will continue to import crude oil from the countries where it is cheap and of the best quality and the Indian oil companies will purchase oil considering the geo-political situation and non-sanctioned sources.

The committee could not discuss relations with Bangladesh at length due to paucity of time, and FS told the MPs that the Indian side is in touch with all the stakeholders in the neighbouring country, people familiar with the matter said.

Virat Vaibhav, Delhi, 11/02/2026
Page No: 5, Size: 10.61cm × 12.62cm

# अदाणी समूह ने कहा, अमेरिका ने ईरान से आयात के संबंध में जानकारी मांगी

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि एक अमेरिकी एजेंसी ने प्रतिबंधित इकाइयों के साथ लेनदेन की गैर-आपराधिक जांच के तहत ईरान से पेट्रोलियम उत्पादों के कथित आयात को लेकर कंपनी से जानकारी मांगी है। अदाणी एंटरप्राइजेज ने शेयर बाजार को बताया कि उसे चार फरवरी को अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय से सूचना का अनुरोध मिला है। यह अनुरोध जून, 2025 में वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के संबंध में हुई स्वैच्छिक चर्चा के बाद आया है। उस रिपोर्ट में आरोप

**एईएल ने कहा, कंपनी स्वेच्छा से ओएफएसी के साथ सहयोग कर रही है और मांगी गई जानकारी देगी।**

लगाया गया था कि अदाणी से जुड़ी कंपनियों ने अमेरिकी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए शिपिंग मार्गों का उपयोग करके भारत में ईरानी तरल पेट्रोलियम गैस का आयात किया था। एईएल ने कहा, कंपनी स्वेच्छा से ओएफएसी के साथ सहयोग कर रही है और मांगी गई जानकारी देगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिकी प्राधिकरण से प्राप्त संचार में किसी भी प्रकार के उल्लंघन या गैर-अनुपालन का कोई निष्कर्ष शामिल नहीं है।

**Virat Vaibhav, Delhi, 11/02/2026**
Page No: 9, Size: 16.40cm × 12.78cm

# आंध्र सरकार ने बीपीसीएल रिफाइनरी के लिए स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क माफ किया

एजेंसी ■ अमरावती



आंध्र प्रदेश सरकार ने नेल्लोर जिले में रामायपट्टनम बंदरगाह के पास एक अत्याधुनिक रिफाइनरी और पेट्रोरसायन परिसर की स्थापना के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (बीपीसीएल) के पक्ष में 20 करोड़ रुपए से अधिक का स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क माफ कर दिया है। राजस्व विभाग के विशेष मुख्य सचिव जी साई प्रसाद ने बताया कि यह छूट नेल्लोर जिले के चेवुरु गांव में 600 एकड़ से अधिक भूमि के हस्तांतरण से संबंधित है। यह भूमि आंध्र प्रदेश मैरीटाइम बोर्ड से आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम (एपीआईआईसी) को और फिर एपीआईआईसी से बीपीसीएल को हस्तांतरित की जा रही है।

सोमवार को जारी एक आदेश के अनुसार, सरकार ने मामले की गहन जांच के बाद एपीआईआईसी के माध्यम से बीपीसीएल को 600.4 एकड़ भूमि हस्तांतरण के लिए 17.6 करोड़ रुपए का स्टाम्प शुल्क और 2.7 करोड़ रुपए के पंजीकरण शुल्क (हस्तांतरण शुल्क सहित) को माफ करने का निर्णय लिया है।

प्रोत्साहन 16 अक्टूबर, 2024 को शुरू की गई आंध्र प्रदेश औद्योगिक विकास नीति 4.0 के तहत दिए जा रहे हैं।

Hindustan Times, Delhi, 11/02/2026
Page No: 12, Size: 18.12cm × 16.48cm

# 'जहां सस्ता और अच्छा तेल मिलेगा, वहां से खरीदेंगे'

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सरकार ने मंगलवार को एक संसदीय समिति को बताया कि भारत उन देशों से कच्चे तेल खरीदना जारी रखेगा, जहां यह सस्ता और सबसे अच्छी गुणवत्ता वाला है। साथ ही, भारतीय तेल कंपनियां भू-राजनीतिक स्थिति और गैर-प्रतिबंधित स्रोतों को ध्यान में रखते हुए तेल की खरीदारी करेंगी।

सूत्रों के अनुसार विदेश मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति को यह जानकारी दी। थरूर ने इस बैठक को बेहद प्रभावी बताया, जो तीन घंटे से अधिक समय तक चली और इसमें 30 में 28 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के बाद थरूर ने संवाददाताओं से कहा कि अधिकारियों ने हर सवाल का बड़े विस्तार और आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया।

**Aaj Samaj, Delhi, 11/02/2026**
Page No: 11, Size: 17.04cm × 21.85cm

# आपात स्थिति में भारत के पास 74 दिन का पेट्रोलियम भंडार : पुरी

आज समाज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को राज्यसभा में अहल जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैश्विक स्तर पर किसी भी प्रकार की उथल-पुथल की स्थिति में भारत का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार देश की जरूरतों को लगभग 74 दिनों तक पूरा करने में सक्षम है। वह प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। भारत जैसे देश के लिए व्यवहार्य और सुरक्षित तेल भंडार बेहद जरूरी पुरी ने कहा कि तेजी से विकास कर रहे भारत जैसे देश के लिए व्यवहार्य और सुरक्षित तेल भंडार बेहद आवश्यक हैं, ताकि वैश्विक संकट की स्थिति में देश कमजोर न पड़े।

उन्होंने बताया कि भारत के पश्चिमी और पूर्वी दोनों तटों पर तेलशोधन संयंत्र मौजूद हैं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलती है। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) का हवाला देते हुए कहा कि भारत वर्तमान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता है।

साथ ही, देश के पास दुनिया की चौथी सबसे बड़ी शोधन क्षमता है, जो फिलहाल करीब 26 करोड़ मीट्रिक टन प्रति वर्ष। आने वाले समय में बढ़कर 32 करोड़ मीट्रिक टन प्रति वर्ष हो जाएगी। इसके अलावा, भारत पेट्रोलियम उत्पादों का दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक भी है। रणनीतिक भंडार का आदर्श रूप कितने दिनों का है? मंत्री ने कहा कि रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वैश्विक स्तर पर किसी भी तरह की आपूर्ति बाधा या संकट के दौरान देश के पास पर्याप्त तेल उपलब्ध रहे।



IEA के मानकों के अनुसार, रणनीतिक भंडार आदर्श रूप से करीब 90 दिनों की जरूरतों को पूरा करने लायक होना चाहिए। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार क्यों है अहम? पुरी ने बताया कि सरकार तेलशोधन संयंत्रों में मौजूद भंडार को भी कुल आकलन में शामिल करती है। अगर सभी भंडारों को एक साथ देखा जाए, तो देश के पास फिलहाल 74 दिनों के लिए पर्याप्त तेल भंडार है। उन्होंने कहा कि मंत्री के रूप में मैं 74 दिनों के भंडार के साथ सुरक्षित महसूस करता हूं, लेकिन भविष्य में इसे और बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार आर्थिक स्थिरता और ऊर्जा सुरक्षा का एक अहम आधार है। इसके अलावा, एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि सरकार ने इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (ISPRL) के माध्यम से आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के तीन स्थानों पर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार की सुविधाएं स्थापित की हैं, जिनकी कुल क्षमता 53.3 लाख मीट्रिक टन कच्चे तेल की है। इन भंडारों में उपलब्ध कच्चे तेल की मात्रा बाजार की परिस्थितियों के अनुसार घटती-बढ़ती रहती है।

# जिन देशों से सस्ता तेल मिलेगा, उनसे खरीदेंगे : सरकार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सरकार ने मंगलवार को एक संसदीय समिति को बताया कि भारत उन देशों से कच्चे तेल खरीदना जारी रखेगा, जहां यह सस्ता और सबसे अच्छी गुणवत्ता वाला है। साथ ही, भारतीय तेल कंपनियां भू-राजनीतिक स्थिति और गैर-प्रतिबंधित स्रोतों को ध्यान में रखते हुए तेल की खरीदारी करेंगी। सूत्रों के अनुसार विदेश मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति को यह जानकारी दी।

थरूर ने इस बैठक को बेहद प्रभावी बताया, जो तीन घंटे से अधिक समय तक चली और इसमें 30 में 28 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के बाद थरूर ने संवाददाताओं से कहा कि अधिकारियों ने हर सवाल का बड़े विस्तार और आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया। यह समिति के कामकाज का एक बेहतरीन उदाहरण था।'सरकार की ओर से सांसदों के सामने अपनी बात रखने वालों में विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी शामिल थे।

थरूर ने बताया कि बैठक का अधिकांश समय भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर केंद्रित रहा। इसमें रूसी तेल और कृषि उत्पादों सहित सभी विषयों पर चर्चा हुई।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र के हितों की रक्षा की गईः आईडीए

उद्योग निकाय इंडियन डेयरी एसोसिएशन (आईडीए) ने कहा कि सरकार ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते में देश के डेयरी क्षेत्र के हितों को पूरी तरह सुरक्षित रखा है।

भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान में एक अंतरिम समझौते के ढांचे की घोषणा की है। इस समझौते के बारे में पूछने पर आईडीए के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने संवाददाताओं से कहा, 'हम सुरक्षित हैं और हमारे हितों की रक्षा की गई है। चिंता की कोई बात नहीं है।'

सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि पशु चारे के रूप में उपयोग होने वाले ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेंस (डीडीजीएस) का आयात भी बहुत कम रहेगा। आईडीए 12-14 फरवरी तक राष्ट्रीय राजधानी में 52वें डेयरी उद्योग सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य भारत के तेजी से बढ़ते डेयरी क्षेत्र में उभर रहे व्यापारिक अवसरों के बारे में बताना है।

सिंह ने बताया कि सम्मेलन में 3,000 से अधिक लोगों के भाग लेने की उम्मीद है, जिनमें उत्पादक, प्रसंस्करणकर्ता, प्रौद्योगिकीविद्, शोधकर्ता, नीति निर्माता और उद्यमी शामिल होंगे।

**Hindustan, Gurgaon, 11/02/2026**
Page No: 3, Size: 25.32cm × 13.02cm

# पेट्रोलियम पाइपलाइन फटने से अफरा-तफरी

**मॉकड्रिल**

**गुरुग्राम, प्रमुख संवाददाता।** गुरुग्राम के सोहना स्थित गांव खत्रिका में मंगलवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब मुंबई-मनमाड-बिजवासन पेट्रोलियम पाइपलाइन के पास भीषण आग लग गई। हालांकि, यह कोई वास्तविक हादसा नहीं, बल्कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा आयोजित लेवल-तीन ऑफ-साइट मॉक-ड्रिल थी।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों को परखना था। दोपहर 12:30 बजे मॉक-ड्रिल के तहत एक जेसीबी मशीन कर रही थी, जिससे गलती से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पेट्रोल (मोटर स्पिरिट) का भारी रिसाव होने लगा और पास से गुजर रही हाई-वोल्टेज बिजली की लाइन से निकली चिंगारी ने पूरे इलाके में भीषण आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और डीडीएमए गुरुग्राम अलर्ट हो गए। एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट देवेंद्र के नेतृत्व में 26 जवान और एसडीआरएफ के निरीक्षक हरेंद्र के नेतृत्व में 22 जवानों ने मोर्चा संभाला। सोहना फायर स्टेशन, गेल और बीपीसीएल के कुल 4 फायर टेंडरों ने आग पर काबू पाया। तीन लोगों को घायल अवस्था में जवानों ने एंबुलेंस के जरिए सोहना अस्पताल पहुंचाया।



मॉकड्रिल के दौरान मंगलवार को बचाव कार्य करते एनडीआरएफ बठिंडा की टीम। ● हिन्दुस्तान

आग पर काबू के बाद बीपीसीएल और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम ने लोअर एक्सप्लोसिव लिमिट और गैस मॉनिटरिंग की। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान एसीपी सोहना जितेंद्र सिंह, तहसीलदार और परियोजना अधिकारी पूनम रानी ने विभिन्न विभागों के बीच तालमेल की निगरानी की।


Amar Ujala, Delhi, 11/02/2026
Page No: 18, Size: 15.82cm × 20.06cm

# अमेरिका पर रूसी कटाक्ष, भारत को सस्ते स्रोतों से तेल खरीदने से रोकने के प्रयास

## लावरोव ने कहा, अमेरिका ले रहा भारत पर दबाव की राजनीति का सहारा

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने एक तीखे कटाक्ष में अमेरिका पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अमेरिका, भारत और अन्य देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने के लिए दबाव की राजनीति का सहारा ले रहा है। ब्रिक्स टीवी पर एक इंटरव्यू में लावरोव ने कहा, अमेरिका प्रतिबंधों और टैरिफ का इस्तेमाल करके दुनिया को सस्ता रूसी ईंधन छोड़ने और उसके बदले महंगा अमेरिकी एलएनजी खरीदने के लिए मजबूर कर रहा है।

लावरोव ने कहा, भारत-अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापार सौदे में शर्त है कि भारत को रूस से तेल खरीदना बंद करना होगा। वह बोले, अमेरिका भारत और दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने के प्रयास कर रहा है। स्पुतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, लावरोव ने कहा कि अमेरिका आर्थिक दबदबा बनाने के लिए जोर-जबरदस्ती के तरीके अपना रहा है। लावरोव ने इसे खुले समुद्र में टैंकरों के विरुद्ध एक तरह की जंग करार दिया, जो अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का खुला उल्लंघन है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत के रूस से तेल आयात कम करने की खबरें हैं और व्यापार सौदे के बाद रूसी तेल की भविष्य की आपूर्ति पर प्रश्नचिंह है। एजेंसी


सर्गेई लावरोव

### वैश्विक ऊर्जा व आपूर्ति मार्ग पर कब्जा करना अमेरिकी मकसद

लावरोव ने गत वर्ष अलास्का के एंकरेज में हुई शांति वार्ता पर कहा, रूस ने उन अमेरिकी प्रस्तावों को मान लिया था जिनसे यूक्रेन समस्या का हल होकर आपसी सहयोग बढ़ना था। लेकिन वास्तविकता इसके उलट निकली और वाशिंगटन ने दबाव की रणनीति को और तेज कर दिया। लावरोव ने कहा, अमेरिका का एकमात्र उद्देश्य वैश्विक ऊर्जा बाजार और आपूर्ति मार्ग पर अपना पूर्ण कब्जा स्थापित करना है। लावरोव ने रूस की विदेश नीति को सुरक्षा के नजरिये से भी जोड़ा।

### सभी देशों से सहयोग के लिए खुला रहेगा रूस

लावरोव ने अमेरिका पर कहा कि वह भारत और हमारे अन्य साझेदारों को सस्ते, किफायती रूसी ऊर्जा संसाधनों को खरीदने से रोकने का प्रयास कर रहा है। हमें इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए भारत, चीन, इंडोनेशिया और ब्राजील की तरह अमेरिका जैसी प्रमुख शक्तियों सहित सभी देशों के साथ सहयोग के लिए खुला रहना होगा। हम ऐसी स्थिति में हैं जहां अमेरिकी खुद ही रास्ते में कृत्रिम बाधाएं खड़ी कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय हित सर्वोपरि : भारत

रूसी आरोपों और अमेरिकी दावों के बीच भारत ने अपना रुख बिल्कुल स्पष्ट रखा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत की ऊर्जा नीति केवल उपलब्धता, उचित मूल्य और आपूर्ति की विश्वसनीयता से संचालित होती है। भारत ने न तो रूसी तेल बंद करने की खबरों की पुष्टि की है और न ही खंडन, बल्कि यह दोहराया है कि 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। *भारतीय सामानों पर अमेरिकी टैरिफ 18% करने पर भारत ने संकेत दिया है कि वह अपने हितों के लिए तेल खरीद के स्रोतों में विविधता बनाए रखेगा और किसी एक देश के दबाव में आकर अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा।*